# चोरों ने एटीएम को काटकर नौ लाख रूपए की लूट की

**मंडावा, (निसं)।** एसबीआई बैंक के एटीएम की केश ट्रै को गैस कटर से काटकर चोरों ने रविवार रात्रि को लूट की वारदात को अंजाम दिया। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित रघुनाथ जी के मंदिर के पास एसबीआई बैंक के एटीएम करीब नौ लाख रूपए की लूट को अंजाम दिया और लुटेरों ने सीसीटीवी कैमरे को डैमेज कर दिया। जिससे वारदात रिकॉर्ड नहीं हो सके।

थानाधिकारी रामपाल मीणा ने बताया कि रविवार की रात को एक बजे पुलिस की गश्त टीम निकली तो एटीएम सुरक्षित था लेकिन पुलिस की गश्त टीम रात्रि को 3 बजे दोबारा एटीएम के आगे से निकली तो उस समय तक एटीएम में लूट की घटना हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पुलिस की स्पेशल टीम साइबर क्राइम एफएसएल द्वारा सीसीटीवी फुटेजों के आधार के अलावा अन्य सूत्रों द्वारा भी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना रात्रि करीब 2 बजकर 12 मिनट से 2 बजकर 36 मिनट के मध्य हुई। एटीएम लूट की घटना को लेकर कस्बे के वरिष्ठजनों का कहना है कि कस्बे में अब तक की हुई घटनाओं में यह सबसे बडी घटना है। पुलिस को त्वरित कार्रवाई कर चोरों को गिरफ्तार करें, जिससे आमजन में विश्वास कायम हो।



एटीएम की केश ट्रै को गैस कटर से काटकर वारदात की।

- **एसबीआई बैंक के एटीएम की केश ट्रै को गैस कटर से काटकर वारदात को अंजाम दिया**
- **चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को भी डैमेज कर दिया, जिससे वारदात रिकॉर्ड नहीं हो सकी**

## कुएं में गिरने से युवक की मौत

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के सदर थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव में कुएं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। युवक कुएं पर पानी भरने के लिए गया था, जहां पैर फिसलने से वह जा गिरा। हादसे के बाद ग्रामीण युवक को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल धौलपुर लेकर पहुंचे, जहां डयूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मृतक युवक 28 वर्षीय राजेंद्र पुत्र मोहन सिंह के शव को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे उसके जीजा रवि ने बताया कि सोमवार दोपहर के समय राजेंद्र घर के लिए पानी लेने कुएं पर गया था। कुएं से पानी खींचते वक्त उसका पैर फिसल गया और वह 25 फीट नीचे गहरे कुएं में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने रेस्क्यू ऑपरेशन करते हुए युवक को कुएं से बाहर निकाला। युवक को कुएं से बाहर निकालने के बाद ग्रामीण उसे लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे, जहां इमरजेंसी में तैनात ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुए शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। डयूटी डॉक्टर मुनेंद्र गर्ग ने बताया कि प्रथमदृष्टया युवक के पानी में गिरने से मौत होने की जानकारी सामने आई है। जिसके शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

# करंट लगने से युवक की मौके पर जलने से मौत

## खेत में 11 हजार केवी विद्युत लाइन से टच हो गई थी ट्रैक्टर-ट्रॉली



हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लग गई।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जहाजपुर थाना क्षेत्र के बिलेठा गांव में खेत पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से खाद खाली करते समय ट्रॉली ऊपर जा रही 11 हजार केवी विद्युत लाइन से टच हो गई जिससे युवक करंट की चपेट में आ गया और आग लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर अग्निशमन मौके पर पहुंची और आग बुझाई जब तक युवक की जलने से मौत हो गई थी।

- **बिलेठा गांव में खेत पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से खाद खाली करते समय हुआ हादसा**

जहाजपुर थाना अधिकारी नरपतराम बाना ने बताया कि जहाजपुर थाना क्षेत्र के बलेठा गांव में खेत पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से खाद खाली करते समय ट्रॉली ऊपर जा रही बिजली की लाइन से टच हो गई जिससे ट्रैक्टर चालक देवराज पिता नंदलाल गुर्जर की मौके पर जलने से मौत हो गई। वहीं मृतक युवक के शव को हॉस्पीटल की मोर्चरी में रखवाया है।

घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व खाद बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर भी हास्पिटल पहुंचे और परिजनों को ढ़ांढस बंधाया। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों ने पूर्व में भी तत्कालीन अयन मनोज अहीर व लाइनमैन रामस्वरूप को 11 केवी लाइन नीचे लटकाने की कई मर्तबा शिकायत की थी लेकिन पिछले तीन साल से विद्युत लाइन ऐसी स्थिति में है। जिसका सुधार अब तक नहीं किया। जबकि विद्युत वितरण निगम द्वारा मेंटिनेंस के नाम पर सैंकड़ों बार शट-डाउन लेकर केवल लीपापोती की जाती है। देर शाम तक हॉस्पिटल के बाहर ग्रामीण व परिजन मुआवजे की मांग को लेकर अडे हुए थे।

# सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद के बाद नकली सरसों वेयर हाउस पहुंची

## ग्राम सहकारी समिति रीड़ी व्यवस्थापक सहित अन्य के खिलाफ राजकोष को नुकसान पहुंचाने व गबन करने के आरोप का मामला दर्ज

**श्रीडूंगरगढ़, (निसं)।** सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद के बाद नकली सरसों वेयर हाउस पहुंचने पर सूरतगढ़ थाने में मामला दर्ज हुआ है।

जानकारी के अनुसार सरकारी तुलाई के बाद सरसों वेयर हाउस नहीं पहुंचने के कारण किसानों का भुगतान अटकने की बात मुख्य व्यवस्थापक गौरव जैन ने स्वीकार की थी। विधायक ताराचन्द सारस्वत ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए किसानों का भुगतान करने व सरसों खरीद की जांच के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। इसके बाद जब वेयर हाउस सूरतगढ़ में सरसों पहुंची, तो वह सरसों नकली निकली है। इस संबंध सूरतगढ़ थाने में ग्राम सहकारी समिति रीड़ी व्यवस्थापक रामनिवास सहित अन्य के खिलाफ नकली सरसों पहुंचाकर राजकोष को नुकसान पहुंचाने व गबन करने के आरोप का मामला दर्ज हुआ है। इस प्रकरण में सरसों की सरकारी खरीद में गड़बड़ी की बू आने लगी है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष सूरतगढ़ संजय सोनी ने सूरतगढ़ थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि 29 जून शाम को उसे सूचना मिली कि आरएसडब्लूयूसी के सूरतगढ स्थित वेयर हाउस में नकली सरसों लगाई जा रही है। सूचना पर वह और संजय व्यास वेयर हाउस पहुंचे तो एक ट्रक में सरसों की बोरियां खाली करवाई जा रही थी। मौके पर रीडी सोसायटी का व्यवस्थापक रामनिवास व आरएसडब्लूयूसी का अधिकारी आदराम भी मौके पर थे।

उन्होंने सरसों की जांच की, तो ट्रक से उतारी गई बोरियों तथा ट्रक में शेष लदी बोरियों में नकली सरसों मिली थी। इस पर आदराम व रामनिवास को उलाहना दिया तो तुरन्त सरसों उतारना बंद कर ट्रक रवाना करने लगे। इस पर ट्रक रुकवाकर पुलिस को सूचनी दी, तो पुलिस ट्रक को थाने में लेकर आई। पुलिस पहुंचने तक रामनिवास व आदराम मौके से भाग गए। आरएसडब्लूयूसी के कर्मचारी व सोसायटी व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी ने मिलकर नकली सरसों गोदाम में लगाकर राजकोष को नुकसान पहुंचाया है। सम्भवतः आरएसडब्लूयूसी के गोदाम में पहले भी इसी तरह ही सरसों रखी होगी। इसलिए धोखाधड़ी व गबन कर राजकोष को नुकसान पहुंचाने व सभी ज्ञात अज्ञात अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

गौरतलब है कि क्रय-विक्रय सहकारी समिति की ओर से सरसों की खरीद की गई, लेकिन अभी तक किसानों को भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। फसल तुलवाने के एक माह बाद भी भुगतान नहीं मिलने से किसान चक्कर लगा रहे हैं। वेयर हाउस में सरसों के बैग नहीं पहुंचने के कारण किसानों का भुगतान अटकने की बात सामने आने पर मुख्य व्यवस्थापक गौरव जैन ने बताया कि सरसों के 518 बैग अभी तक वेयर हाउस नहीं भेजे गए हैं। वहीं राजफैड के क्षेत्रीय अधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया था कि 2193 बैग का वेयर हाउस रसीद (डब्ल्यूआर) उन्हें नहीं मिली है।

# आर.पी.एस.सी. : भर्ती के विज्ञापन जारी

## जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सोमवार को कारागार विभाग में डिप्टी जेलर के 73 पदों तथा कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा) में वाइस प्रिंसिपल/सुपरीटेंडेंट-आईटीआई के 36 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि डिप्टी जेलर के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 जुलाई से 6 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक एवं वाइस प्रिंसिपल/सुपरिटेंडेंट के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई से 8 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। उक्त भर्तियों की परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में धुंधली फोटो अपलोड नहीं करने एवं आवेदन अवधि के दौरान की नवीनतम फोटो जिस पर दिनांक भी उल्लेखित हो को ही अपलोड करने के निर्देश जारी किये गये हैं। इसी अपलोड की गयी फोटो को परीक्षा केन्द्र में उपस्थिति-पत्रक पर चस्पा करने के लिए साथ लाना होगा एवं अन्य फोटो को मान्य नहीं किया जायेगा। कालान्तर में इसी फोटो को काउंसलिंग/साक्षात्कार के समय विस्तृत आवेदन-पत्र में भी उपयोग में लेना होगा। अर्थात ऑनलाइन ऑनलाइन आवेदन के दौरान अपलोड की गई नवीनतम फोटो से अन्य/असमान फोटो स्वीकार नहीं की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन के समय अभ्यर्थी को स्वयं के हस्ताक्षर के साथ ही अब बांये हाथ की अंगूठा निशानी को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

- **डिप्टी जेलर के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 जुलाई से 6 अगस्त तक एवं वाइस प्रिंसिपल/सुपरिटेंडेंट के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई से 8 अगस्त तक किए जा सकेंगे**

## युवती का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** दबाव बनाकर युवती का अपहरण करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित युवती ने अपनी सहेली के साथ सुखेर थाने पहुंच कर 30 जुलाई को रिपोर्ट दी।

उसने बताया कि 2 वर्ष पूर्व कम्प्यूटर सेंटर पर कोर्स करने गई थी। वहां के संचालक ने बहला फुसलाकर मुझसे शादी कर ली तथा साथी मित्र ईमरान के साथ रहने का दबाव बनाने लगा। इनकार किया तो पति झगड़ा करता एवं इमरान मुझे धमकाते हुए साथ रहने का दबाव बनाता है। 29 जून को ईमरान मेरे कमरे पर आया तथा बाइक पर अजमेर चलने और वहीं रहने की जिद करने लगा। बाइक पर बैठाकर भुवाणा तक लाया, जहां से मैं आरोपी के चंगुल से निकल कर भाग कर थाने पहुंच कर रिपोर्ट दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस ने आरोपी ईमरान खान पुत्र मोहम्मद ईस्माइल एवं अशोक कुमावत को गिरफ्तार किया। पीड़िता दो वर्ष से आरोपियों के चंगुल मे थी। परिजनों द्वारा संबंध तोड़ने पर ईमरान ने परेशान करना शुरू कर दिया। इस दौरान एनजीओं की मदद से दोनों को छोड़ कर महिला मित्र के साथ रहने लगी। वहां पहुंचकर भी इमरान ने उसे धमकाना जारी रखा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से दादी की मौत, पोता घायल

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर के नेशनल हाईवे 11 बी पर निभी के ताल के नजदीक गमी में शामिल होने जा रहे बाइक सवार दादी पोता को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों जने गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने दादी का स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया, वहीं घायल पोता का उपचार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बसेड़ी थाना क्षेत्र के भारली गांव निवासी 23 वर्षीय किशना पुत्र अशोक अपनी बुजुर्ग दादी रामादेवी पत्नी अमर सिंह को बाइक पर बिठाकर मिलकन का पुरा गांव में रिश्तेदारी में गमी में शामिल होने जा रहा था। तभी बाइक सवार दादी-पोता जैसे ही निभी के ताल के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने चपेट में ले लिया। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर ट्रैक्टर चालक हादसे को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। हादसे को देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को देकर दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचाया, लेकिन बुजुर्ग दादी रामा देवी की रास्ते में ही मौत हो गई। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल धौलपुर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं घायल किशना का उपचार चल रहा है।

- **बाइक से गमी में शामिल होने मिलकन का पुरा जा रहे थे**

# एस.डी.एम. व ई.ओ. का पद रिक्त, मालपुरा में प्रशासनिक व्यवस्था रामभरोसे

## तहसीलदार राहुल पारीक के कंधों पर एस.डी.एम. व ई.ओ. का भार

**मालपुरा, (निसं)।** प्रदेश के पुलिस व प्रशासनिक रिकॉर्ड में दर्ज अतिसंवेदनशील मालपुरा में बीते कई महीनों से पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्थाएं रामभरोसे चल रही है। उपखण्ड अधिकारी व नगर पालिका ईओ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते एकमात्र तहसीलदार राहुल पारीक के कंधों पर शहर व क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था का जिम्मा होने की जानकारी सामने आई जो कि शहर में सुर्खियां बनी हुई है।

आगामी दिनो में 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा, 22 को श्रावण मास व कावड यात्राओं का दौर शुरू होने तथा 24 जुलाई को गणेश चतुर्थी, 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी सहित 11 व 12 अगस्त को मालपुरा में विशाल कावड़ यात्रा के आगमन व जलाभिषेक जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार एवं आयोजन होने के बावजूद 22 जनवरी से नगरपालिका ईओ का पद रिक्त चल रहा है तो 20 जून से उपखण्ड अधिकारी के लम्बे अवकाश पर चले जाने के कारण उपखण्ड क्षेत्र में प्रशासनिक व कानून व्यवस्थायें रामभरोसे है।

मालपुरा शहर सहित लाम्बाहरिसिंह, पचेवर व डिग्गी चारों थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर नजर डाले तो बीते छह महिने में क्षेत्र में पांच लावारिस शव मिलने के साथ-साथ दस बड़ी हत्या, चोरी व लूट जैसी वारदातें होने के बावजूद पुलिस ने एक भी वारदात का खुलासा करने में सफलता हासिल नहीं की, जो कि क्षेत्र में लचर कानून व्यवस्था एवं लापरवाह गश्त व्यवस्था का जीवन्त प्रमाण है। अतिसंवेदनशील शहर में दर्जनों बार साम्प्रदायिक तनाव व उन्माद की घटनाएं होने के बावजूद शहर की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता नहीं बरतने से कभी भी किसी बड़ी चूक का कारण बनने का भय आमजन को सता रहा है।

# ऑक्सीजन सिलेंडर में रिसाव होने से एम्बूलेंस में आग लगी



एंबूलेंस काफी देर तक धू-धू कर जलती रही और उसे पर कई बार धमाके होते रहे।

**भीलवाड़ा, (र्निसं)।** जिले के गुलाबपुरा रेफरल चिकित्सालय में नवजात शिशु को तबीयत खराब होने पर चिकित्सक द्वारा रेफर किया गया, जिस पर उसे एंबुलेंस की सहायता से भीलवाड़ा ले जाना था लेकिन नवजात शिशु को ऑक्सीजन लगाने के दौरान ही ऑक्सीजन सिलेंडर में रिसाव शुरू हो गया, रिसाव शुरू होते ही सिलेंडर ने आग पकड़ ली, मौजूद लोगों की सूझबूझ से नवजात शिशु व परिजनों को एंबुलेंस से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एंबुलेंस ने आग पकड़ ली। कई धमाके एम्बुलेंस में हुए, पास के शिशु वार्ड को भी तत्परता से खाली कर दिया गया। गनीमत रही कि एम्बुलेंस के पास खड़ी दो अन्य एम्बुलेंस व एक चिकित्सालय में काम आने वाली बोलेरो आग की चपेट में नहीं आई।

सूचना के उपरांत मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। वहीं गुलाबपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गुलाबपुरा नगर पालिका की अग्निशमन वाहन को बुलाया गया, जिसने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ देर उपरांत राजस्थान स्पिनिंग एंड वीविंग मिल व हिंदुस्तान जिंक की अग्निशमन वाहन पर मौके पर पहुंच गई। अग्निशमन वाहनों के प्रयास से एंबुलेंस में लगी आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि आपके दौरान कई धमाके हुए लेकिन पास खड़े अन्य वाहनों ने आग नहीं पकड़ी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

एंबुलेंस काफी देर तक धू-धू कर जलती रही और उसे पर कई बार धमाके होते रहे। चिकित्सालय मैनेजमेंट द्वारा अन्य एम्बुलेंस में रेफर नवजात शिशु की रेफर किया गया।

## दो सड़क हादसों में आधा दर्जन से ज्यादा घायल

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय के पास रविवार को अलग-अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

- **घायलों को एम्बूलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया**

सभी घायलों को गंगापुर सिटी गवर्नमेंट अस्पताल लाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है।

पहला हादसा गंगापुर-सवाई माधोपुर सड़क मार्ग पर शाम 4 बजे हुआ। बड़ी उदेई गांव से मलारना चौड़ की तरफ जा रहा जुगाड अमरगढ चौकी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जुगाड में उस समय 15 से 2० यात्री सवार थे। जुगाड पलटने की इस घटना में चार महिलाएं घायल हो गई, जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से गंगापुर सिटी लाया गया और गवर्नमेंट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दूसरी सडक दुर्घटना दोपहर 3 बजे हुई जब सवारी से भरा एक टेंपो गंगापुर सिटी से गांव गढी सुमेल के लिए जा रहा था। टेंपो में 12 से 15 सवारी मौजूद थी और एक टैंकर को बचाने के चक्कर में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से गंगापुर सिटी गवर्नमेंट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज चल रहा है।

# ड्रेनेज सिस्टम फेल होने से बारिश में डूबे पावटा पालिका के दावे

**पावटा, (निसं)।** सोमवार को कुछ घंटों की बारिश से कस्बे का ड्रेनेज सिस्टम फेल दिखाई दिया। कुछ देर की बारिश में पालिका प्रशासन के दावे फेल हो गए। पावटा प्रागपुरा नगर पालिका प्रशासन की ओर से मानसून से पूर्व नालों की सफाई पूरी करने के दावों की हकीकत बारिश ने खोल कर रख दी।

- **कस्बे में सोमवार को मामूली बारिश में जिम्मेदारों के इंतजाम फेल होते नजर आए**
- **हर साल नगर पालिका जलभराव के निपटने की कवायद करता आ रहा है, लेकिन समस्या जस की तस है**

कस्बे में सोमवार को मामूली बारिश में जिम्मेदारों के इंतजाम फेल होते नजर आए। बारिश की खुशियों के बीच सरकारी सिस्टम की लापरवाही से आमजन की परेशानी भी बढ़ गई हैं। कस्बे की सर्विस रोड की सड़कें जलमग्न हो गई। वाहन के पहिए आधे से ज्यादा पानी में डूबे नजर आए। वहीं कई वाहन तो सड़क पर भरे पानी में ही बंद हो गए। लोग वाहनों को धकेलकर किनारे पर ले जाते नजर आए। पावटा प्रागपुरा पालिका ईओ कुछ दिनों से कह रहे थे कि सफाई हो रही है अब जलभराव नहीं होगा। लोगों का कहना है बारिश होने से काफी दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन जिस बारिश से लोगों को गर्मी से निजात दिलाई, वहीं बदइंतजामी का दंश भी कस्बेवासियों को झेलना पड़ा। हर साल नगरपालिका जलभराव के निपटने की कवायद करता आ रहा है लेकिन समस्या जस की तस है। वहीं कागजों में इंतजाम इतने बेहतर हैं कि कहीं पानी भर ही नहीं सकता। पालिका के अधिकारियों का कहना है कि मानसून सीजन से पूर्व प्रतिदिन नालों की सफाई और मरम्मत करवाई जा रही है, तैयारी पूरी कर ली गई हैं।



पावटा में बरसात होने के बाद सड़कों पर पानी भर गया।